तापमान

अधिकतम 35 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, रविवार 8 मार्च 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



13 अस्तित्व खोता जा रहा है किसान बाजार





14 अंगारों पर नंगे पैर चले श्रद्धालु, दिखी अटूट श्रद्धा और विश्वास












## खबर संक्षेप

### धीवर समाज का होली मिलन समारोह आज

**धमतरी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर धीवर समाज द्वारा 8 मार्च रविवार को शाम 4 बजे माता शीतला मंदिर परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला पंचों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही रंग पंचमी के उपलक्ष्य में समाज का होली मिलन समारोह भी आयोजित किया जाएगा।

### 10 से 15 मार्च तक हैप्पीनेस प्रोग्राम

**धमतरी।** शहर के रत्नाबांधा रोड स्थित कबीर आश्रम सीनेट सिटी के पीछे 10 से 15 मार्च तक आर्ट ऑफ लिविंग हैप्पीनेस प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। सुबह 6 बजे से 9 बजे तक चलने वाले इस विशेष कार्यक्रम में प्रतिभागियों को तनावमुक्त और स्वस्थ जीवन जीने के लिए योग, प्राणायाम, ध्यान एवं प्रसिद्ध सुदर्शन क्रिया का अभ्यास कराया जाएगा।

### जीवन संध्या में 10 को रंगपंचमी महोत्सव

**धमतरी।** श्री जलाराम ज्ञान यज्ञ समिति द्वारा संचालित रुद्री स्थित जीवन संध्या (वृद्धाश्रम) में 10 मार्च को होली मिलन एवं रंगपंचमी महोत्सव मनाया जाएगा। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि मंगलवार 10 मार्च को शाम 5 बजे से 7 बजे तक रुद्रेश्वर महादेव मंदिर के पास स्थित जीवन संध्या वृद्धाश्रम परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत कृष्णजी की आरती से होगी, जिसके बाद फाग गीत, फूलों की होली खेली जायेगी। समिति के अध्यक्ष बिपिन पटेल, सचिव प्रकाश गांधी तथा कोषाध्यक्ष लखमशी भानुशाली ने लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस :** प्रतिमाह 20 से 25 हजार रुपये की आय अर्जित कर रही

# अगरबत्ती से आत्मनिर्भर बनीं हितेश्वरी अब हजारों महिलाओं को दे रही प्रशिक्षण



यशवंत साहू ⏭धमतरी

ग्राम पंचायत मुड़पार की हितेश्वरी निषाद ने मेहनत और आत्मविश्वास के दम पर एक छोटी पहल को सफल स्वरोजगार में बदल दिया है। छह वर्षों से अगरबत्ती बनाने का काम करते हुई वे आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं और अन्य लोगों को भी आत्मनिर्भर बनने की राह दिखा रही हैं। हितेश्वरी निषाद ने वर्ष 2019 में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) धमतरी से 10 दिवसीय होममेड अगरबत्ती निर्माण का निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त किया था। उस प्रशिक्षण में गांव की 34 अन्य महिलाएं भी शामिल थीं, लेकिन हितेश्वरी ने आगे बढ़कर इस काम को व्यवसाय के रूप में अपनाया। उन्होंने सरस्वती महिला स्वसहायता समूह से ऋण लेकर अगरबत्ती बनाने की मशीन खरीदी और काम शुरू किया।




### गांव-गांव जाकर अगरबत्ती की बिक्री की

शुरुआत में उन्होंने स्वयं अगरबत्ती बनाकर गांव-गांव जाकर बिक्री की और फैक्ट्रियों में भी सप्लाई की। मेहनत के बल पर उन्होंने पहली मशीन का ऋण चुका दिया और अपनी आय से दूसरी मशीन भी खरीद ली। वर्तमान में वे दो मशीन के माध्यम से अगरबत्ती का उत्पादन कर रही हैं। वर्ष 2020 में उन्हें मास्टर ट्रेनर बनने का अवसर मिला। महासमुंद जिले में आयोजित तीन चरणों की परीक्षा उत्तीर्ण कर वे मुख्य प्रशिक्षक बनीं। इसके बाद उन्होंने छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के साथ मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और पंजाब जैसे राज्यों में भी जाकर प्रशिक्षण दिया। आरसेटी, एमएसएमई तथा खादी ग्रामोद्योग से जुड़े प्रशिक्षण कार्यक्रमों में वे सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

### परिवार का पूरा सहयोग मिला

अगरबत्ती निर्माण के साथ-साथ वे मोमबत्ती, साबुन, हैंडवॉश, फिनायल, बांस शिल्प, गोबर से दीये और मूर्तियां बनाना भी सिखाती हैं। हर माह दो-तीन प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 35 लोगों का बैच शामिल होता है। अब तक तीन हजार से अधिक लोगों को प्रशिक्षण दे चुकी हैं। हितेश्वरी इस कार्य से प्रतिमाह 20 से 25 हजार रुपये की आय अर्जित कर रही हैं। हितेश्वरी बताती हैं कि इस सफर में उनके पति और परिवार का पूरा सहयोग मिला। उनका संदेश है कि महिलाएं सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर स्वरोजगार अपनाएं और आत्मनिर्भर बनें।

# आत्महत्या करने पानी टंकी पर चढ़े युवक की वार्डवासियों ने बचाई जान



- सुभाषनगर की पानी टंकी बन गई सुसाइड पाईंट

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पानी टंकी से कूदकर आत्महत्या करने के लिये चढ़े युवक की वार्डवासियों की सर्तकता की वजह से जान बच गई। एक तरह से सुभाषनगर स्थित पानी टंकी सुसाइड पाईंट बन गई है।

मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय सुभाषनगर वार्ड में 50 फीट ऊंची पानी टंकी है। शुक्रवार की रात्रि लगभग 8.30 बजे वार्ड का 28 वर्षीय युवक सबकी नजरों से बचते हुए पानी टंकी से कूदकर आत्महत्या करने के लिये ऊपर चढ़ गया। इसी दौरान कुछ लोगों की नजर पानी टंकी पर चढ़े युवक पर पड़ी। युवक को पानी टंकी में चढ़ा देख वार्ड में हड़कम्प मच गया। युवक नीचे कूदने का प्रयास कर रहा था। आसपास के लोगों ने युवक को समझाइश देकर किसी तरह टंकी से नीचे उतारा। बताया जाता है कि युवक मजदूरी का काम करता है। युवक द्वारा आत्महतया की कोशिश करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### वार्डवासियों में आक्रोश

इन घटनाओं को लेकर सुभाषनगर के वार्डवासियों ने निगम के प्रति आक्रोश जताते हुए कहा कि वार्ड में टंकी तो बना दी है लेकिन यहां किसी प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था नहीं है। बाउण्ड्रीवाल व गेट नहीं होने के कारण कोई भी आसानी से टंकी पर चढ़ सकता है। इस पानी टंकी से पहले भी कई लोग आत्महत्या का प्रयास कर चुके हैं जिससे यह स्थान सुसाइड पाईंट बन गया है। बीते सप्ताह एक युवती ने भी इसी पानी टंकी से कूदकर आत्महत्या की थी। वार्डवासियों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जल्द सुरक्षा व्यवस्था करने की मांग की है।

सिविल लाइन की घटना : तीन युवक व दो युवती हिरासत में एक महिला फरार

# पॉश कॉलोनी के मकान में चल रहा था देह व्यापार, सूचना पर पहुंची पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सिविल लाइन के एक मकान में चल रहे देह व्यापार की सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की है। मकान से तीन युवक व दो युवती को हिरासत में लिया गया है। वहीं एक महिला मौके से भाग गई है।

शहर के कुछ क्षेत्र में किराये के मकानों में देह व्यापार धड़ल्ले से चल रहा है। शहर से लगे ग्रामीण अंचल में भी सेक्स रैकेट सक्रिय है। कुछ इसी तरह का मामला शुक्रवार की रात्रि पॉश कॉलोनी सिविल लाइन क्षेत्र में सामने आया है। सिविल लाइन कॉलोनी क्षेत्र में स्थित एक मकान में लंबे समय से संदिग्ध गतिविधियां चल रही थीं। शुक्रवार की रात्रि भी उक्त मकान में युवक-युवतियों की आवाजाही देखी जा रही थी। संदिग्ध गतिविधियों को देख मोहल्लेवासियों ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने तत्काल सिविल लाइन पहुंचकर उक्त मकान में दबिश



देकर तलाशी ली। मकान में 3 युवक व 2 युवतियां पाई गई। पांचों को हिरासत में लेकर कोतवाली लाया गया। पुलिस युवक-युवतियों से पूछताछ कर रही है। वहीं एक महिला पुलिस को देख भागने में सफल हो गई। दोनों युवतियां बाहर की बताई जा रही हैं। वहीं तीनों युवक स्थानीय हैं। रात्रि में पांचों युवक-युवतियों को हिरासत में लेने के बाद से पुलिस उनसे गहन पूछताछ कर जानकारियां जुटा रही है। उम्मीद जताई जा रही है कि बड़े सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ हो सकता है। शनिवार की दोपहर पुलिस पांचों को डेमो के लिये उक्त तकान में ले गई थी। फिलहाल पुलिस की कार्रवाई जारी है।



### बस्तर रोड व समीपस्थ गांवों में भी संदिग्ध गतिविधियां

उल्लेखनीय है कि बस्तर रोड में सोरिद नाला से आगे स्थित एक मकान में भी संदिग्ध गतिविधियां चलने की जानकारी लगातार सामने आ रही हैं। वहीं शहर के समीपस्थ ग्राम श्यामतराई के एक मकान में भी देर रात्रि तक युवक-युवतियों की आवाजाही रहने की सूचना लगातार वायरल हो रही है। अब देखना यह है कि कोतवाली व अर्जुनी पुलिस इन सेक्स रैकेट का किस तरह भंडाफोड़ करती है।

### ब्राम्हण समाज का होली मिलन समारोह आज

**धमतरी।** जिला ब्राम्हण समाज के तत्वावधान में 8 मार्च को दोपहर 3 बजे इतवारी बाजार स्थित राम मंदिर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिला अध्यक्ष राकेश दीवान ने भखारा, कुरूद, मगरलोड, नगरी तथा धमतरी क्षेत्र के विप्रजनों से उपस्थित की अपील की है।









10 माह में दूसरी बार बाघ की मौजूदगी से वन विभाग में उत्साह

# कैमरे में कैद हुई जंगल के राजा की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में लगाए गए ट्रैप कैमरे में एक बाघ की तस्वीर कैद हुई है। 10 माह के अंदर बाघ की दूसरी तस्वीर आने से वन विभाग और अभ्यारण्य प्रबंधक में खुशी की लहर है। उदंती सीतानदी के जंगल में वन्यजीव प्रेमियों के लिए उत्साहजनक खबर है। लंबे समय बाद इस अभ्यारण्य में बाघों की सक्रिय मौजूदगी के साक्ष्य लगातार मिल रहे हैं।

टाइगर अभ्यारण्य में वन्य जीवों के बेहतर और सुरक्षित वातावरण तैयार करने वन विभाग लगातार प्रयास कर रहा है। अवैध शिकार,





अतिक्रमण जंगल की सुरक्षा, अवैध गतिविधियों पर लगाम कसने वन्य जीवों के प्राकृतिक आवासों को सुरक्षित की दिशा में कई कदम उठाए गए हैं। इन प्रयासों का अब सकारात्मक परिणाम सामने आ रहा है। टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन बताते हैं कि 5 मार्च 2026 को ट्रैप कैमरे में एक बाघ की तस्वीर कैद हुई है। पिछले 10 माह के भीतर यह दूसरी तस्वीर है जब बाघ की फोटो ट्रैप कैमरे में आई है। 50 दिन पहले जंगल के विभिन्न स्थानों पर बाघ के पैरों के निशान मिले थे जिससे वन विभाग को आशंका थी कि यह एक नया टाइगर है। कैमरे में फोटो आने से इसकी पुष्टि हो गई है।

उपनिदेशक श्री जैन ने बताया कि 1852 वर्ग किमी में फैले टाइगर रिजर्व के कोर जोन में 51 गांव तथा बफर जोन में 59 गांव है। इसके बावजूद इस जंगल में वन्य जीवों के लिए पर्याप्त प्राकृतिक संसाधन और सुरक्षित वातावरण मौजूद है। विशेष रूप से तौरेंगा और अरसीकन्हार रेंज को वन्य जीवों के लिए अनुकूल क्षेत्र माना जाता है। जहां जंगली जानवरों की गतिविधियां बनी रहती हैं। उन्होंने कहा कि इस बाघ की गतिविधि पर नजर रखने वन विभाग ने पहले 10 स्थानों पर ट्रैप कैमरे लगाए थे। उन्हीं कैमरे में बाघ की यह दूसरी तस्वीर है। इस क्षेत्र में बाघ की स्पष्ट तस्वीर और गतिविधि की जानकारी के लिए और कैमरे लगाए जाएंगे।







# विश्व महिला दिवस



महिलाएं समाज का एक अहम हिस्सा हैं लेकिन वक्त के साथ महिलाएं समाज और राष्ट्र के निर्माण का एक अहम हिस्सा बन चुकी हैं। घर-परिवार से सीमित रहने वाली महिलाएं जब चारदीवारी से बाहर निकल अन्य क्षेत्रों की ओर बढ़ी तो उन्हें अभूतपूर्व सफलता मिलने लगी। खेल जगत से लेकर मनोरंजन तक, और राजनीति से लेकर सैन्य व रक्षा मंत्रालय तक में महिलाएं न केवल शामिल हैं बल्कि बड़ी भूमिकाओं में हैं। महिलाओं की इसी भागीदारी को बढ़ाने और अपने अधिकारों से अनजान महिलाओं को जागरूक करने व उनके जीवन में सुधार करने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है।































संकलनकर्ता : उमेश सिंह बशिष्ट ब्यूरो चीफ धमतरी जिला 98261-14710, रवि सिंह राजपूत मार्केटिंग प्रभारी धमतरी 83058-71196

गिनती के किसान लगाते हैं पसरा, प्रशासनिक प्रोत्साहन की जरूरत

# अस्तित्व खोता जा रहा है किसान बाजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




प्रदेश का पहला किसान बाजार वर्तमान में अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। अपने उत्पाद को बेचने वाले अधिकतर किसानों ने किसान बाजार से दूरी बना ली है। वहीं कुछ किसान मंडी से सब्जी खरीदकर बाजार में पसरा लगाते हैं।

शनिवार को यह संवाददाता सुबह 9 बजे पुरानी कृषि उपज मंडी पहुंचा तो यहां दो कर्मचारी मौजूद थे। इस समय किसान बाजार के गेट पर ताला जड़ा हुआ था। उन्होंने बताया कि सुबह 7 बजे 4-5 किसान सब्जी लेकर पहुंचे थे। मंडी के प्रवेश मार्ग पर अपना पसरा लगाए तथा घंटा भर बाद पसरा समेटकर चले गए। कर्मचारियों ने किसान बाजार का ताला खोला जहां धूल और राखड़ की गंदगी पसरी हुई थी। दैनिक मूल्य की सूची में 7 मार्च की दर लिखी हुई थी जिसमें टमाटर 15 रूपये, मिर्च 80 रू., बैगन 30 रू., करेला 80 रू., केला 20 रू., कुंदरू 80, पत्तागोभी 20, लौकी 20, मुनगा 100, अदरक 100, गोभी 30, मटर 30, धनिया 40 रूपये सहित 40 प्रकार की सब्जियों के दाम लिखे गए थे। कर्मचारियों ने बताया कि सूची में लिखा दाम होली के पहले का है जिसमें आज की तारीख डाली गई है। कर्मचारियों का कहना है कि होली के बाद सब्जी मंडी आज खुलेगी। किसान मंडी से सब्जी खरीदते हैं और अपने उत्पाद को लेकर वैरायटियों के साथ किसान बाजार में पसरा लगाते हैं।



ज्ञात हो कि सन 2017 अप्रैल को तत्कालीन कलेक्टर सीआर प्रसन्ना ने किसान बाजार की शुरूआत की थी जिसका उद्देश्य किसानों को स्वयं के उत्पादों को मंडी के बिचौलियों को सस्ते दाम में बेचने के बदले किसान बाजार में उचित मूल्य पर बेचना था। इससे ग्राहकों को भी ताजी और सस्ती सब्जियां उपलब्ध होंगी। शुरू में इस बाजार को बेहतर रिस्पॉन्स मिला। ताजी सब्जी के लिए सुबह से शहरवासियों की भीड़ लगती थी। अधिकारी कर्मचारी निरीक्षण तथा निगरानी भी करते थे। औद्योगिक वार्ड निवासी नर्मदा जगबेहड़ा ने बताया कि किसान बाजार अपनी चमक खो चुका है। किसानों को प्रोत्साहन नहीं मिलने से किसान इस बाजार से दूर होते जा रहे हैं जिसका असर ग्राहकों पर भी पड़ रहा है। यहां किसानों और ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सब्जियों के औसत दाम तय किए जाते हैं। वर्तमान स्थिति में 5-6 किसान ही सब्जियां बेचने पहुंचे हैं।

### उपयोगहीन हुआ कोल्ड स्टोरेज

सब्जी उत्पाद को सुरक्षित रखने लाखों रूपये का कोल्ड स्टोरेज किसान बाजार में बनाया गया है। कुछ दिनों के उपयोग के बाद किसान अब इसका उपयोग करना बंद कर दिया है। सब्जी उत्पादक किसान महेन्द्र रावटे, मनोज कुमार पटेल, लीलाधर कहते हैं कि किसान बाजार धीरे-धीरे अपना अस्तित्व खोते जा रहा है। किसानों की उत्पाद वाली सब्जी कम बाजार की सब्जी ज्यादा बेची जाती है। बाजार शुरू होने पर यहां दूध दही सहित अन्य सामाग्री बेचने की योजना थी। किसान बाजार को प्रशासनिक प्रोत्साहन की जरूरत है।

# धमतरी में घरेलू गैस 992 रुपए के पार कमर्शियल सिलेंडर भी 115 रुपए महंगा

- ईरान-इजराइल में तनाव का असर, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की आपूर्ति पर दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



अंतरराष्ट्रीय हालात और मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव का असर अब आम लोगों की रसोई तक पहुंच गया है। तेल कंपनियों ने 7 मार्च से एलपीजी सिलेंडर की कीमत में बढ़ोतरी कर दी है। धमतरी में घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में 60 रुपये की वृद्धि के बाद यह करीब 992.50 रुपये प्रति सिलेंडर तक पहुंच गई है। वहीं 19 किलो के कमर्शियल सिलेंडर में 114 रुपये 50 पैसे की बढ़ोतरी के साथ इसकी कीमत लगभग 2097 रुपये हो गई है। इसके अलावा 19 किलो एक्स्ट्रा तेज सिलेंडर की कीमत 114 रुपये बढ़कर 2120 रुपये और 19 किलो नैनोकट सिलेंडर 106 रुपये बढ़कर करीब 2343 रुपये तक पहुंच गया है। गैस के दाम में अचानक हुई बढ़ोतरी से आम उपभोक्ताओं के साथ होटल, रेस्टोरेंट और फूड व्यवसाय से जुड़े कारोबारियों की चिंता बढ़ गई है। बताया जा रहा है कि ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की आपूर्ति पर दबाव बढ़ा है, जिसका असर एलपीजी गैस की कीमतों पर पड़ा है। हालांकि तेल कंपनियों का कहना है कि देश में पेट्रोल-डीजल और गैस की आपूर्ति फिलहाल सामान्य बनी हुई है। इधर, गैस सिलेंडर की बुकिंग व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है। इंडेन गैस के संचालक मोहन अग्रवाल के अनुसार अब उपभोक्ता गैस डिलीवरी के 25 दिन बाद ही अगले सिलेंडर की बुकिंग कर सकेंगे। पहले उपभोक्ता कभी भी बुकिंग कर सकते थे। गैस की कीमतों में बढ़ोतरी से घरेलू बजट पर सीधा असर पड़ने की संभावना है। साथ ही कमर्शियल सिलेंडर महंगा होने से होटल और खानपान से जुड़े व्यवसायों की लागत भी बढ़ सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तनाव की स्थिति बनी रहती है तो आने वाले समय में तेल और गैस की कीमतों पर और दबाव पड़ सकता है।

# निर्माणाधीन मकान में दूसरी बार चोरी

- एमसीबी पैनल और सीसीटीवी हार्ड डिस्क ले गए चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद




कुरुद नगर की सनसिटी कॉलोनी फेस-3 में चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। यहां एक निर्माणाधीन मकान को चोरों ने दूसरी बार निशाना बनाते हुए एमसीबी पैनल और सीसीटीवी की हार्ड डिस्क चोरी कर ली। जानकारी के अनुसार मकान मालिक राम पटेल के घर में निर्माण कार्य चल रहा है। इसी दौरान चोर रात के समय मकान में घुस गए और मुख्य विद्युत लाइन से जुड़े एमसीबी पैनल को काटकर अपने साथ ले गए। चोरों ने अपनी पहचान छिपाने के लिए मकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की हार्ड डिस्क भी निकाल ली। इस घटना में लगभग 50 हजार रुपये का नुकसान बताया जा रहा है। इससे पहले 26 फरवरी को भी इसी मकान में चोरी की घटना हुई थी, जब चोरों ने बिजली की वायरिंग काटकर करीब 30 हजार रुपये का सामान चोरी कर लिया था। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से कॉलोनी के लोगों में डर और नाराजगी का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में महंगे कॉपर तारों के लालच में ऐसी वारदातें बढ़ रही हैं। पीड़ित ने थाने में शिकायत दर्ज कराकर पुलिस से जल्द कार्रवाई करने और चोरों को पकड़ने की मांग की है।

### गैस के दाम में बढ़ोतरी से आम आदमी की जेबें फिर ढीली होंगी : सुमन

**धमतरी।** मोदी सरकार द्वारा घरेलू गैस के दाम में 60 रुपए की वृद्धि की गई है। इसका विरोध करते हुए कांग्रेस नेत्री पार्षद सुमन मेश्राम ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने गैस सिलेंडर के दाम में 60 रुपए की वृद्धि कर आम जनता को होली का गिफ्ट दिया है। देश की जनता बढ़ती महंगाई से पहले से त्रस्त है। अब सरकार ने गैस का दाम बढ़ाकर बम फोड़ दिया है। मोदी सरकार महंगाई कम करने के बजाय महंगाई बढ़ाती जा रही है। गैस सिलेंडर के दाम में वृद्धि होने से सीधा असर आम आदमी की जेब में पड़ेगा। गृहणियों का घर चलाना मुश्किल हो जाएगा।

# नियमितीकरण की प्रक्रिया तेज, 13 कॉलोनियां हुई वैध

- 17 कॉलोनियों के प्रस्ताव नगर निवेश विभाग में लंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




शहर में अवैध कॉलोनियों के नियमितीकरण को लेकर नगर निगम ने प्रक्रिया तेज कर दी है। जिला प्रशासन द्वारा चिन्हित 30 अवैध कॉलोनियों में से 13 कॉलोनियों का नियमितीकरण किया जा चुका है, जबकि शेष 17 कॉलोनियों के प्रस्ताव नगर निवेश विभाग में लंबित हैं।

जिला प्रशासन ने खसरा नंबरों के आधार पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध प्लाटिंग की पहचान की है। इनमें ओजस्वी नर्सिंग होम के सामने, इंडोर स्टेडियम के पीछे, दानीटोला शराब दुकान के पास, जैविक खाद संयंत्र के सामने, अर्जुन रेसिडेंसी के पीछे, सिहावा चौक धन्वंतरि के पास, इंडेन गैस एजेंसी के पास, महालक्ष्मी अपार्टमेंट क्षेत्र तथा आमातालाब रोड गोकुलपुर सहित अन्य स्थान शामिल हैं।

नगर निगम के अनुसार इन कॉलोनियों के नियमितीकरण से करीब 3 करोड़ रुपये राजस्व प्राप्त होने का अनुमान है। फिलहाल 13 कॉलोनियों के नियमित होने से लगभग 1.50 करोड़ रुपये की संभावित आय का मार्ग प्रशस्त हुआ है, जिसमें से करीब 40 लाख रुपये राजस्व निगम को प्राप्त भी हो चुके हैं। नियमितीकरण के बाद इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को नगर निगम की सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा।



महापौर रामू रोहरा ने बताया कि नगर निगम शहर के सुव्यवस्थित विकास के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। अवैध कॉलोनियों को वैध कर उन्हें नगर नियोजन के दायरे में लाने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि शेष 17 कॉलोनियों के प्रस्ताव नगर निवेश विभाग में लंबित हैं और समिति की बैठक के बाद इनके नियमितीकरण की प्रक्रिया भी पूरी कर ली जाएगी।

# यूपीएससी में चयन होने पर डायमंड का संयुक्त शिक्षक संघ ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ ने विकासखण्ड मुख्यालय मगरलोड से 4 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम परसवानी के डीएसपी डायमंड सिंह ध्रुव का यूपीएससी की परीक्षा में 623वां रैंक हासिल करने पर मुंह मीठा कराकर एवं गुलदस्ता भेंटकर स्वागत सम्मान किया। जिला कोषाध्यक्ष डेवेश कुमार साहू ने बताया कि डायमंड सिंह ध्रुव स्व. बलराम सिंह सूर्यवंशी करारोपण अधिकारी जनपद पंचायत मगरलोड एवं श्रीमती अंबिका सूर्यवंशी शिक्षिका के पुत्र हैं। उन्होंने अपनी मेहनत एवं लगन से जो मुकाम हासिल किया है, वह अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। पिताजी के देहावसान के बाद भी डायमंड सिंह अपने लक्ष्य से भटके नहीं बल्कि उन्होंने अपने पिताजी की देश सेवा के सपने को साकार किया। उन्होंने आगे कहा कि जो बच्चे अपना अधिकांश समय सोशल मीडिया प्लेट फार्म फेसबुक, इंस्टाग्राम इत्यादि में व्यतीत करते हैं, उन्हें डायमंड सिंह ध्रुव से प्रेरणा लेनी चाहिए। डायमंड ने सोशल मीडिया से अपनी दूरी बनाकर रखी और सात से आठ घंटे प्रतिदिन सिर्फ अपनी पढ़ाई पर फोकस किया। जिसका परिणाम रहा कि डायमंड सिंह ध्रुव ने यूपीएससी की कठिन परीक्षा में 623 वां रैंक प्राप्त किया।

डायमंड सिंह ध्रुव ने चर्चा में बताया कि उनकी तैयारी शुरू से यूपीएससी के लिए ही चल रही थी। डीएसपी पद पर चयन होने के बाद भी उन्होंने अपना लक्ष्य बनाये रखा। डायमंड सिंह ने अपने परिवार, ग्राम परसवानी के साथ-साथ ब्लॉक मगरलोड एवं जिला धमतरी का भी नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर ब्लॉक अध्यक्ष बेदराम साहू, ब्लॉक कोषाध्यक्ष झुमुकलाल साहू, ब्लॉक सचिव उदयभान पाल, ब्लॉक उपाध्यक्ष लुकेश्वर निषाद, दिलीप कोठारी, ब्लॉक प्रवक्ता महेश साहू, ब्लॉक महामंत्री दिनेश कुमार गायकवाड़, सहसचिव शेखन साहू, तामेश्वर ठाकुर, दिनेश कुमार साहू, विकास कंवर, गुलाप साहू, रीमन सिंग दीवान, रोहित साहू, दुष्यंत माणिक, सुरेश साहू ने हर्ष जताया है।

महिला दिवस : एग्जैक्ट फाउंडेशन बना सहारा

# लक्ष्मी ने दिव्यांग बच्चों के जीवन में जगाई नई उम्मीद

दिलीप देवांगन ▶▶धमतरी



समाज सेवा और दृढ़ संकल्प की मिसाल बनीं लक्ष्मी सोनी आज दिव्यांग बच्चों के लिए आशा और प्रेरणा का प्रतीक बन चुकी हैं। उनके प्रयास से स्थापित दिव्यांग आवासीय प्रशिक्षण केंद्र एग्जैक्ट फाउंडेशन रूद्री (धमतरी) दिव्यांग बच्चों के समुचित विकास, शिक्षा और आत्मनिर्भर भविष्य की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है।

लक्ष्मी सोनी बताती हैं कि इस संस्था की शुरुआत किसी बड़े संसाधन या आर्थिक सहायता से नहीं हुई थी। उन्होंने तीन अन्य सहयोगी युवतियों के साथ मिलकर समाज के दिव्यांग बच्चों के लिए कुछ करने का संकल्प लिया और इसी संकल्प से आगे चलकर एग्जैक्ट फाउंडेशन की नींव रखी गई।

संस्था की शुरुआत कुरूद क्षेत्र के ग्राम डंडेसरा से हुई, जहां एक जर्जर हालत में पड़े पुराने स्कूल भवन में बच्चों को एकत्र कर शिक्षा और प्रशिक्षण का कार्य शुरू किया गया। शुरुआती दौर में संसाधनों की भारी कमी थी, लेकिन सेवा का भाव और बच्चों के भविष्य को संवारने का दृढ़ निश्चय सबसे बड़ा सहारा बना।

संस्था को आगे बढ़ाने के लिए लक्ष्मी सोनी और उनकी सहयोगियों ने समाज के बीच जाकर छोटे-छोटे सहयोग से काम शुरू किया। दुकानदारों, रिक्शा चालकों और आम लोगों से 2-2 और 5-5 रुपये का सहयोग लेकर इस सामाजिक पहल की शुरुआत की गई। यही छोटे-छोटे योगदान आगे चलकर एक बड़े अभियान का आधार बने।

आज उनके प्रयासों का परिणाम यह है कि एग्जैक्ट फाउंडेशन रूद्री से जुड़े बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव दिखाई दे रहा है। संस्था से पढ़े बच्चों में से एक बच्चा वर्तमान में दिल्ली में रहकर अपनी पढ़ाई कर रहा है, जबकि 10 लड़कियां दिल्ली में पैकेजिंग कार्य से जुड़कर आत्मनिर्भर जीवन की ओर बढ़ रही हैं। इनमें एक ऐसी बच्ची भी शामिल है, जो अपनी दिव्यांगता के कारण पहले बेहद कठिन परिस्थितियों में जीवन जी रही थी, लेकिन आज अपने परिश्रम से सम्मानपूर्वक काम कर रही है।

लक्ष्मी सोनी का मानना है कि दिव्यांग बच्चों को यदि सही मार्गदर्शन, अवसर और विश्वास मिले तो वे भी समाज में अपनी अलग पहचान बना सकते हैं। उनके इसी संकल्प और निरंतर प्रयास ने आज कई दिव्यांग बच्चों के जीवन में नई दिशा और नई उम्मीद जगाई है।

महिला दिवस के अवसर पर लक्ष्मी सोनी की यह प्रेरणादायक यात्रा यह संदेश देती है कि सच्ची सेवा, धैर्य और समाज के सहयोग से असंभव लगने वाले सपने भी साकार किए जा सकते हैं।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# विद्यार्थियों को सकारात्मकता कड़ी मेहनत का संदेश



- गुरुकुल विद्यासागर स्कूल लोहरसी में विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

**धमतरी।** गुरुकुल विद्यासागर स्कूल लोहरसी में विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इलेक्ट्रिक विभाग भानुप्रतापपुर (जिला कांकेर) के सेवानिवृत्त सेक्शन ऑफिसर वीरेंद्र कुमार गजबिए थे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे देश के भविष्य हैं और आने वाले समय में इन्हीं में से कोई मंत्री, कलेक्टर, डॉक्टर, शिक्षक या देश की सीमा का रक्षक बनेगा। उन्होंने विद्यार्थियों से सकारात्मक सोच और कड़ी मेहनत के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने का आह्वान करते हुए कहा कि वह सफलता ही क्या, जब मंजिल आपके कदम न चूमे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती धामिन देवांगन ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि श्रीमती विजय लक्ष्मी गंजीर रहीं। अतिथियों ने विद्यार्थियों को मेहनत और संस्कार के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुई। समारोह में भाषण, कविता, खेल और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया। छात्र हेमंत गजेंद्र के देशभक्ति गीत और नृत्य को खूब सराहा गया। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में कई विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। संस्था के प्रधानपाठक भारत लाल साहू ने स्वागत उद्बोधन दिया। मंच संचालन भावना ध्रुव, रितिका सिन्हा और निशा निर्मलकर ने किया।

### कचना में लोककला महोत्सव 20 से

**जीजामगांव।** इस वर्ष भी छग रामधुनी महासंघ के मार्गदर्शन में त्रिदेव लोक महोत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 20, 21 एवं 22 मार्च को गौठान चौक बस स्टैंड कचना में लोककला महोत्सव का आयोजन किया गया है। प्रथम दिवस संध्या 4 बजे से भव्य कलश शोभायात्रा राउतनाचा के साथ निकलेगी।



## खबर संक्षेप




### पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष के क्षेत्र में होंगे 15 करोड़ के विकास कार्य

**कुरुद।** कुरूद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सिर्वे, बिरेझर एवं मुल्ले में विभिन्न विकास कार्यों को राज्य के मुख्य बजट 2026-27 में स्वीकृति मिलने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। बजट में महानदी जलाशय परियोजना अंतर्गत महानदी मुख्य नहर के सिर्व माइनर की नहर व संरचनाओं के जीर्णोद्धार तथा लाइनिंग कार्य के लिए लगभग 488 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। ग्राम मुल्ले क्षेत्र में सूक्ष्म सिंचाई योजना के कार्य के लिए लगभग 995 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार कचना-बिरेझर-सिर्री-मौरीकला मार्ग के मजबूतीकरण व डामरीकरण कार्य को भी स्वीकृति मिली है, जिससे क्षेत्र की आवागमन सुविधा बेहतर होगी। पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष आनंद यदु ने इन विकास कार्यों की स्वीकृति के लिए क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि विधायक चंद्राकर के प्रयास से क्षेत्र में सिंचाई व सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं को मजबूती मिल रही है, जिससे किसानों और ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा।

## निधन

### हीरालाल ध्रुव



**धमतरी।** ग्राम कांशीपुरी राजमिस्त्री हीरालाल ध्रुव का 53 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे नवीन कुमार और भारत के पिताजी थे। उनके अंतिम कार्यक्रम में परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### जयंती बाई सिन्हा



**धमतरी।** अधारी नवागांव वार्ड की रहने वाली श्रीमती जयंती बाई सिन्हा का लंबी अस्वस्थता के चलते 2 मार्च को निधन हो गया। वे स्व. मदन सिन्हा की पत्नी तथा स्व. खेम सिन्हा, प्रकाश सिन्हा, डमन सिन्हा की माताजी थी। उनका अंतिम संस्कार अधारी नवागांव के मुक्तिधाम में किया गया।

**न्यायालय-तहसीलदार भखारा जिला धमतरी छ.ग.**
**// उद्घोषणा //**
रा.प्र. क्रमांक 202602130100029/अ-59/ वर्ष 2025-26
ग्राम कोलियारी प.ह.नं. 07 तहसील भखारा
एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक उपायुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं धमतरी द्वारा ग्राम कोलियारी पटवारी हल्का नं. 07 तहसील भखारा जिला धमतरी स्थित शासकीय भूमि खसरा नं. 848 रकबा 9.240 हेक्टेयर के भाग रकबा 5.60 हे. को प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित कोलियारी पं.क्र. 319 के लिए गोदाम सह कार्यालय भवन निर्माण हेतु आबंटित करने अभिलेखों की नकल, खसरा, नक्शा ग्राम पंचायत की कार्यवाही विवरण सहित आवेदन पत्र न्यायालय कलेक्टर धमतरी को प्रेषित है जो न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी रा. कुरूद के माध्यम से जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।
अतएव आवेदक के आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो वह अपना लिखित आपत्ति दावा स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 20/03/2026 तक न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 05/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी किया गया।
तहसीलदार
भखारा

**न्यायालय तहसीलदार भखारा जिला धमतरी छ.ग.**
**ईश्तहार**
एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता एवं ग्राम पुरैना को सूचित किया जाता है, कि आवेदक गोपाल पिता गुहाराम जाति सतनामी निवासी पुरैना तहसील भखारा द्वारा अपने भाई दूजराम की मृत्यु दिनांक 05/10/1983 को ग्राम पुरैना मे होना बताया है। आवेदक अपने भाई दूजराम की मृत्यु दिनांक 05/10/1983 का पंजीयन जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रार कार्यालय मे नही कराया है। शासकीय कार्य हेतु अपने भाई दूजराम की मृत्यु को जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रार कार्यालय मे पंजीयन हेतु आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र अनुपलब्धता मय दस्तावेज की प्रति न्यायालय में पेश किया है।
अतः आवेदक के आवेदन पत्र के सबंध में जिस किसी व्यक्ति या हित बद्ध पक्षकार को कोई दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 20/03/2026 तक स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय मे उपस्थित हो कर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 06/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।
मुहर
तहसीलदार
भखारा

### उमरगांव में होलिका दहन के बाद निभाई जाती है अनोखी परंपरा

# अंगारों पर नंगे पैर चले श्रद्धालु दिखी अटूट श्रद्धा और विश्वास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी





नगरी ब्लॉक के ग्राम उमरगांव में रंगों के पर्व होली के उत्साह के बीच आस्था का एक अद्भुत और रोमांचकारी दृश्य देखने को मिला। यहां होलिका दहन की अग्नि शांत होने के बाद अगली सुबह श्रद्धालु धधकते अंगारों पर नंगे पैर चलकर अपनी अटूट श्रद्धा और विश्वास की अनोखी मिसाल पेश करते हैं।

सालों पुरानी इस परंपरा के अनुसार होलिका दहन की रात अग्नि प्रज्वलित की जाती है और सुबह जब लकड़ियां अंगारों में बदल जाती हैं, तब ग्रामीण पूजा-अर्चना के बाद अंगारों पर चलते हैं। इस दौरान गांव में भक्ति गीतों और जयकारों की गूंज माहौल को और भी आध्यात्मिक बना देती है। ग्रामीणों का मानना है कि यह केवल साहस का नहीं, बल्कि अटूट विश्वास का प्रतीक है। उनका कहना है कि अंगारों पर चलते समय उन्हें किसी प्रकार की जलन या पीड़ा का अनुभव नहीं होता, बल्कि एक अद्भुत आत्मिक शांति का एहसास होता है।

स्थानीय बुजुर्गों के अनुसार यह परंपरा पीढ़ियों से चली आ रही है और हर वर्ष बड़ी संख्या में लोग इसमें भाग लेते हैं। युवाओं में भी इस अनूठी रस्म को लेकर खासा उत्साह देखा जाता है। होलिका दहन के दौरान पूरे गांव में उत्साह और उल्लास का माहौल रहा। विभिन्न मंडलियों के लोग नगाड़ों की गूंज के साथ पारंपरिक फाग गीत गाते हुए झूम उठे। शीतला मंदिर के पुजारी सुरेश मरकाम एवं सभी मंडलियों का स्वागत ग्राम सुरक्षा समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार मारकोले, सामाजिक कार्यकर्ता महेश अग्रवाल, चंद्रभान यादव और हरिश्चंद्र साहू ने किया।

# होली के रंग में डूबे करेली बड़ी के ग्रामीण नगाड़ों की थाप पर जमकर झूमे युवक

- सत्य की जीत और असत्य की हार का प्रतीक है यह पर्व : महेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड



नगर पंचायत करेली बड़ी में होली का पर्व उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। सुबह से ही बच्चे पिचकारी और रंग-गुलाल के साथ सड़कों और मोहल्लों में नजर आए। लोगों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई दी। पूरे नगर में शाम तक होली का उत्साह बना रहा।

होली के अवसर पर बुजुर्गों की नगाड़े की टोली घर-घर पहुंची और फाग गीत गाकर माहौल को भक्तिमय और उत्सवमय बना दिया। नगाड़ों की थाप पर युवक भी झूमते नजर आए। युवकों की टोली नगर पंचायत अध्यक्ष के निवास पहुंची, जहां फाग गीत गाते हुए युवाओं ने नगाड़ों की धुन पर नृत्य किया।

होलिका दहन स्थल के पास डीजे की धुन पर भी युवकों ने जमकर होली खेली और एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर बधाई दी। नगरवासियों ने आपसी भाईचारे और शांति के साथ त्योहार मनाया।

नगर पंचायत अध्यक्ष महेंद्र साहू ने कहा कि होली हिंदू धर्म का पवित्र पर्व है। यह पर्व भक्त प्रह्लाद और होलिका की पौराणिक कथा से जुड़ा हुआ है, जो सत्य की जीत और असत्य की हार का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि फाग गीत और पारंपरिक नगाड़े होली उत्सव में चार चांद लगा देते हैं।

युवकों ने बताया कि होली रंगों और खुशियों का त्योहार है, जिसमें नगाड़ों की थाप और फागुन के गीत त्योहार की मिठास को और बढ़ा देते हैं।

इस अवसर पर सुखीराम साहू, लक्ष्मण साहू, नरेंद्र निषाद, विष्णु निषाद, चोवाराम निषाद, भूपेंद्र साहू, सुभाष साहू, चेतन निषाद सहित बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे।

इसी तरह आसपास के गांवों में भी लोगों ने उत्साह के साथ होली पर्व मनाया और एक-दूसरे को रंग लगाकर बधाई दी।

## मधुरानी बीएसएफ प्रशिक्षण के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



मरार पटेल समाज के अध्यक्ष सगुन पटेल के छोटे भाई नरेश पटेल (व्याख्याता) की बेटी मधुरानी पटेल बीएसएफ प्रशिक्षण के लिए रवाना हुईं। इस अवसर पर परिवारजन और समाज के गणमान्य लोगों ने मधुरानी को शुभकामनाएं और आशीर्वाद देकर विदाई दी। समाजजनों ने इसे पूरे समाज के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि बताया।

मधुरानी पटेल ने अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर यह सफलता हासिल की है। समाज के लोगों ने विश्वास जताया कि वह अपने कर्तव्य, अनुशासन और साहस से परिवार, समाज और देश का नाम रोशन करेंगी।

इस अवसर पर समाज अध्यक्ष सगुन पटेल, संरक्षक बिशेसर पटेल, कोषाध्यक्ष प्रकाश पटेल, मीडिया प्रभारी दिलीप पटेल, जिला कार्यकारी अध्यक्ष गेवेन्द्र पटेल सहित कई समाजजन उपस्थित थे।

## खोमेश्वर के विदाई सम्मान में पूरा गांव हुआ शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



ग्राम रींवागहन के युवा खोमेश्वर साहू पिता डॉ. अलखराम साहू को भारतीय सेना में चयनित होने पर शनिवार को पूरे गांव की ओर से भव्य विदाई दी गई। वे बीएसएफ में प्रशिक्षण के लिए झारखंड रवाना हुए। गांव में फूल-मालाओं के साथ बाजे-गाजे के साथ गली भ्रमण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

विदाई समारोह में ग्रामवासियों ने खोमेश्वर साहू को फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य दमयंती साहू और ग्रामीण साहू समाज रींवागहन के अध्यक्ष केशव साहू ने शाल, नारियल और पुष्प भेंटकर उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत, ग्राम विकास समिति, साहू समाज के सदस्य, जय बजरंग फाग मंडली तथा वंदे मातरम परिवार के सदस्य उपस्थित थे। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम रींवागहन से पहली बार किसी युवा का भारतीय सेना में चयन हुआ है, जिससे पूरे गांव में गर्व और उत्साह का माहौल है। विदाई जुलूस के दौरान देशभक्ति के नारों के साथ गांव की गलियों में उत्सव जैसा वातावरण दिखाई दिया।

ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्ष केशव साहू ने बताया कि खोमेश्वर साहू की उपलब्धि से गांव के युवाओं को प्रेरणा मिलेगी और वे भी देश सेवा के लिए आगे आएंगे।

## भेड़सर का दुष्यंत देश सेवा के लिए दिल्ली रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

मन में देशभक्ति का जज्बा लिए भेड़सर के दुष्यंत पिता यशवंत साहू का चयन बीएसएफ में हुआ है। परिवारजनों ने उन्हें देशसेवा के लिए दिल्ली विदा किया। यह पहला अवसर है कि इस गांव से सेना के लिए चयन हुआ है। इस अवसर पर पूर्व नपं अध्यक्ष भरत नहर, पूर्व जनपद सभापति परमेश्वरी साहू ने श्रीफल और शाल भेंटकर सम्मानित किया। कहा कि ऐसा अवसर हर व्यक्ति के भाग्य में नहीं आता। देश की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। मौके पर सरपंच डिकेश्वरी साहू, दाउलाल साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

## फाग, गायन-वादन एवं झांकी ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



नगर पंचायत आमदी में श्री राधाकृष्ण युवा शक्ति मंच एवं नगरवासियों के तत्वावधान में फाग, गायन-वादन एवं झांकी कार्यक्रम हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा रहे। अध्यक्षता डॉ. ज्योति मुरलीधर साहू अध्यक्ष नगर पंचायत आमदी ने की। विशिष्ट अतिथि कोमल यादव उपाध्यक्ष आमदी, विजय जैन भाजपा मंडल अध्यक्ष आमदी, हेमंत माला पूर्व अध्यक्ष आमदी, तेजराम साहू पूर्व उपाध्यक्ष आमदी, उमानंद कुम्भकार सभापति आमदी थे।

मुख्य अतिथि श्री रोहरा ने अपने उद्बोधन में कहा कि फाग उत्सव हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा और आपसी प्रेम-सौहार्द का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज में भाईचारा, एकता और धार्मिक आस्था को मजबूत करते हैं। युवाओं द्वारा संस्कृति और परंपरा को सहेजने का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है। कार्यक्रम में भव्य झांकियों एवं फाग गायन, वादन ने जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## सशिमं में डायमंड का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

सरस्वती शिशु मंदिर मगरलोड में यूपीएससी परीक्षा क्रैक डायमंड ध्रुव परसवानी का स्वागत सम्मान किया गया। डायमंड ध्रुव ने प्रारंभिक शिक्षा यहीं से ग्रहण की थी।

## आठवीं के विद्यार्थियों की दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव



शासकीय माध्यमिक शाला मड़ेली में कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह कार्यक्रम शाला प्रांगण में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा पहली से सातवीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। शाला विकास समिति के अध्यक्ष मकसूदन साहू ने सभी विद्यार्थियों को शिक्षा का महत्व बताते हुए शाला एवं गांव का नाम रोशन करने का आशीर्वाद दिया। संस्था प्रमुख सुरेश कुमार बंधेल ने भी अपने विचार रखे। आठवीं के विद्यार्थियों ने शाला को प्रतीकचिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम में प्राथमिक शाला की प्रधानपाठिका विद्या साहू, जीवनलाल भारद्वाज, होमलता साहू, कुलेश्वर प्रसाद देवांगन, देवनारायण ध्रुव, संतोष कुमार साहू एवं शिक्षक डिकेश्वर कुमार साहू उपस्थित थे।

## फरसियां में रोजगार एवं आवास दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



ग्राम पंचायत फरसियां में रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का आयोजन किया गया। केशव टेकाम सरपंच ने प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। समय -सीमा में गुणवत्तापूर्ण आवास पूर्ण करने के लिए मार्गदर्शन दिया।

रोजगार दिवस के अवसर पर मनरेगा अंतर्गत चल रहे कार्यों एवं रोजगार के अवसरों के संबंध में जानकारी दी गई। मनरेगा के कार्यों को 30 मार्च तक पूरा करने कहा। आगामी वित्तीय वर्ष से वीबी जी राम जी योजना प्रारंभ होनी है। शासन से प्राप्त निर्देशानुसार प्रत्येक माह की 7 तारीख को रोजगार दिवस एवं आवास दिवस मनाया जाना है।

इस अवसर पर उपसरपंच त्रिलोक साहू, पंचायत सचिव रामभरोस साहू, ग्राम व्यवस्था समिति अध्यक्ष सुभाष कश्यप, उपाध्यक्ष भीमसेन गजेंद्र, सचिव प्रदीप सन, रोजगार सहायक श्रीमती विद्या भारती यादव, पंच राजेश सिन्हा, कालिंद्री, काशी, मेट ठाकुरराम साहू, खम्हनन लाल एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### पैरों से निःशक्त, रोज 10-15 किमी सफर की चुनौती, फिर भी हार नहीं मानी

# दिव्यांग महिलाओं ने बढ़ाया सक्षम व्यवसाय की ओर कदम

दीपनारायण शर्मा ▶▶ धमतरी



निःशक्त महिलाएं एक सशक्त व्यवसाय खड़ा करने की ओर कदम बढ़ा रही हैं। कुछ करने की आस लिए पैरों से निःशक्त होने के बाद भी देहुति 15 किमी का सफर रोज तय करके कलेक्टोरेट के सक्षम कैंटीन में आती हैं। पैरों से निःशक्त सविता और लो विजन झेल रही राधा भी एकजुट होकर इस कैंटीन को संवारने में लगी हुई हैं।

महिला उपर से पैरों से पूरी तरह निःशक्त। यह स्थिति ने नगर पंचायत आमदी की रहने वाली देहुति की आर्थिक स्थिति खराब कर रखी है। पति भी पैरों से शत-प्रतिशत निःशक्त हैं। वे भी कोई काम नहीं कर पा रहे हैं। पर बच्चे का लालन पालन तो करना है। इस जिम्मेदारी के अहसास ने देहुति को कुछ करने के लिए घर से बाहर निकलने को प्रेरित किया। उसने दिव्यांगता को दरकिनार कर 15 किमी दूर तक रोज सफर करने की ठानी और यहां सक्षम कैंटीन में वह काम करने लगी हैं। यहां काम करने वाली अन्य महिला कर्मचारियों के साथ मिलकर वह गुजिया, आचार, पापड़, ढोकला, चीला, पकोड़ा, मुंगेड़ी आदि बनाकर बेच रही हैं। यहां का सबसे बड़ा बाजार कलेक्टोरेट हैं, जहां के कर्मचारी चाय से लेकर नाश्ता आदि इसी कैंटीन में करने लगे हैं। धीरे-धीरे इस कैंटीन में ग्राहक बढ़ने लगे हैं।

### चुनौती है, पर हारेंगे नहीं

इस कैंटीन में काम करना उतना कठिन नहीं है, जितना कलेक्टोरेट तक आना। यहां तक आने के लिए दो से तीन आटो रिक्शा बदलना पड़ता है। कभी रिक्शा मिलता है तो कभी नहीं। देहुति और सविता ने बताया कि इसमें भावना मरकाम का भरपूर सहयोग मिलता है। कई बार तो रिक्शा नहीं मिलने पर वे खुद घर तक छोड़ने जाती हैं। उन्होंने बताया कि इस काम को उन्होंने चुनौती के रूप में लिया है, जिसमें हर हाल में उन्हें जीतना है।

### सक्षम बनाना उद्देश्य

कैंटीन संचालन की जिम्मेदारी भावना मरकाम ने उठा रखी है। उन्होंने बताया कि इन महिलाओं को सक्षम बनाना ही उसका उद्देश्य है। आसपास उनके लिए मकान की तलाश है। जहां पर रहकर वे कैंटीन में सेवा दे सके और अपने बच्चे को पढ़ा भी सके। दिव्यांग महिलाएं मिलकर एक मजबूत संस्था बना सकती हैं। ये महिलाएं एक दूसरे का सहारा बनकर एक मिसाल कायम करेंगी।

### बनेगा एक सक्षम ग्रुप

इस कैंटीन में तीन दिव्यांग महिला और युवतियां काम कर रही हैं जिन्हें एक सूत्र में पिरोने का काम छत्तीसगढ़ महतारी सेवा संस्था की भावना मरकाम ने किया है। देहुति के अलावा यहां पर पैरों से निःशक्त सविता साहू, मुजगहन और लो विजन का दंश झेल रही 18 वर्षीय राधा यादव भी सेवाएं दे रही हैं। सविता ने बताया कि वह बीएससी पास हैं पर नौकरी नहीं मिली। अब वह खुद की पहचान बनाने और सक्षम बनने की राह पर निकल चुकी हैं। भावना मरकाम ने बताया कि इन दिव्यांग महिलाओं का एक रजिस्टर्ड ग्रुप बनाकर इस कैंटीन का संचालन किया जाएगा। इस दिशा में प्रक्रिया भी शुरू हो गई है।

## वृद्धाश्रम व एग्जैक्ट फाउंडेशन में किया फल वितरित



**बगदेही(धमतरी)।** बीते दिनों ग्राम बगदेही निवासी गैंदराम साहू का हृदय गति रुकने से निधन हुआ था। उनकी स्मृति में उनके परिजनों ने रुद्री में जलाराम ज्ञान यज्ञ समिति द्वारा संचालित वृद्धाश्रम एवं एग्जैक्ट फाउंडेशन दिव्यांग स्कूल में बच्चों को फल भेंटकर कुशलक्षेम जाना। वृद्धाश्रम में बुर्जुगों का सम्मान किया और आशीर्वाद मांगा। जिला साहू संघ के युवा प्रकोष्ठ के कामता साहू ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। घर में बुजुर्गों का ख्याल रखना उनका सम्मान करना हम सबका नैतिक कर्तव्य होना चाहिए।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

महिलाएं समाज का एक अहम हिस्सा हैं लेकिन वक्त के साथ महिलाएं समाज और राष्ट्र के निर्माण का एक अहम हिस्सा बन चुकी हैं। घर-परिवार से सीमित रहने वाली महिलाएं जब चारदीवारी से बाहर निकल अन्य क्षेत्रों की ओर बढ़ी तो उन्हें अभूतपूर्व सफलता मिलने लगी। खेल जगत से लेकर मनोरंजन तक, और राजनीति से लेकर सैन्य व रक्षा मंत्रालय तक में महिलाएं न केवल शामिल हैं बल्कि बड़ी भूमिकाओं में हैं। महिलाओं की इसी भागीदारी को बढ़ाने और अपने अधिकारों से अनजान महिलाओं को जागरूक करने व उनके जीवन में सुधार करने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है।

**महिला दिवस का उद्देश्य और महत्व –** भले ही आज दुनिया के तमाम देश और हमारा समाज अधिक जागरूक है लेकिन महिलाओं के अधिकारों और हक की लड़ाई अभी भी जारी है। कई मामलों में महिलाओं को आज भी समान सम्मान और अधिकार नहीं मिले हैं। महिलाओं के इन्हीं अधिकार, सम्मान के लिए समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है।

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कैसे मनाया जाता है –** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एक खास कार्यक्रम है जिसे लोगों के साथ ही व्यापार, राजनीतिक, समुदायिक, शिक्षण संस्थानों, आविष्कारक, टीवी व्यक्तित्व आदि महिला नेतृत्व के द्वारा 8 मार्च को मनाया जाता है। अन्य महिला अधिकारों को बढ़ावा देने वाली क्रिया-कलाप सहित नाश्ता, रात का भोजन, महिलाओं के मुद्दे, लंच, प्रतियोगी गतिविधि, भाषण, प्रस्तुतिकरण, चर्चा, बैनर, सम्मेलन, महिला परेड तथा सेमिनार जैसे विभिन्न प्रकार कार्यक्रम के आयोजन के द्वारा इसे मनाया जाता है। इसे पूरे विश्व भर में उनके अधिकार, योगदान, शिक्षा की महत्ता, आजीविका आदि के मौके के लिये महिलाओं के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिये मनाया जाता है। इस दिवस के अवसर पर महिला शिक्षिका को उनके विद्यार्थियों द्वारा, अपने बच्चों के द्वारा माता-पिता को, बहनों को भाईयों के द्वारा, पुत्री को अपने पिता के द्वारा, उपहार अर्थात गिफ्ट दिया जाता है।

























संकलनकर्ता : उमेश सिंह बशिष्ट ब्यूरो चीफ धमतरी जिला 98261-14710, रवि सिंह राजपूत मार्केटिंग प्रभारी धमतरी 83058-71196


सुमीत बाजार
Women's Day
Celebration Offer
8th to 12th
MARCH 2026
Happy Womens Day
महिला दिवस का
खास तोहफ़ा
NAUTICA
24" प्रीमियम ट्रैवल सूटकेस
MRP. ₹11,999/- ₹1999/-
NAUTICA
प्रीमियम क्वालिटी ट्रैवल कोम्बो
4 पीस सेट
MRP. ₹9999/- ₹1699/-
GIORDANO
कॉलेज एवं ऑफिस उपयोगी बैगपैक
MRP. ₹2499/- ₹399/-
LAWMAN Pg3
किंग साईज डबल बेडशीट सेट
MRP. ₹1899/- ₹499/-
DREAMLINE essentials
ड्रीमलाईन माइक्रो फाईबर डिशमैट
MRP. ₹159/- ₹9/-
यह ऑफर ₹699 की खरीदी पर है
ऑफर स्टॉक रहने तक
ऑफर में दिखाये गये चित्र मात्र सांकेतिक है
नियम व शर्तें लागू.
रूद्री रोड, धमतरी